भारतीय संयुक्त राष्ट्र संस्था संघ
**Indian Federation of United Nations Associations (IFUNA)**
***(Special Consultative Status with the ECOSOC of the United Nations)***
*(Affiliated to The World Federation of United Nations Associations, Geneva)*

*Secretary General*
**Suresh Srivastava**
Former Vice Chairman
World Federation of
United Nations Associations, Geneva

18.12.2019



# संदेश

*सुरेश श्रीवास्तवा, सेक्रेट्री जनरल - ईफुना*

नमस्कार दोस्तों,

मैं सुरेश श्रीवास्तवा आप सभी का राष्ट्रीय एकता एवं सर्वधर्म सद्भाव के इस पावन ऐतिहासिक समारोह में राष्ट्रीय एकता एवं भाईचारे के संयोजक श्री अल्हाज असद बाबा जी का अभिनंदन करते हुए आपका स्वागत करता हूं. श्री अल्हाज असद बाबा जी लगातार पिछले 40 सालों से गरीबों की सेवा तथा राष्ट्रीय एकता का महान कार्य कर रहे हैं, मैं उनको बधाई देता हूं. यह वर्ष, महात्मा गांधी के जन्म शताब्दी का 150 वर्ष पूरे कर रहा है, तो उस समय मुझे याद आता है उनका एक भजन जो कि उन्हें बहुत प्रिय था वैष्णव जन तो तेने कहिये जे पीड पराई जाणे रे,पर दु:खे उपकार करे तोये मन अभिमान न आणे रे , अर्थात....सच्चा भगवान का व्यक्ति, खुदा का व्यक्ति वही है जो दूसरों का पीड़ा समझे, उनके दर्द को समझे समझे लेकिन साथ-साथ दूसरों के उपकार करते हुए उसके मन में अभिमान नहीं आना चाहिए कि वह दूसरों की सेवा कर रहा है और शायद इसी भावना से असद बाबा जी लगातार पिछले 40 सालों से गरीबों की सेवा कर रहे हैं।

हमारे मित्र डॉ अमजद खान पठान जिन्होंने पिछले 5 सालों से लगातार कैंसर के मरीजों के लिए मुफ्त कैंसर जांच एवं चिकित्सा मिशन सिर्फ सिंदखेड राज्य में शुरू किया है मैं उन्हें बधाई देना चाहता हूं. मुझे बहुत खुशी है अब तक लगभग 25,000 मरीजों ने इस कैंप में भाग लिया और उन्होंने उसका पूरा फायदा उठाया है. डॉक्टर साहब का इस कैंसर मुक्त अभियान में इंडियन फेडरेशन ऑफ यूनाइटेड नेशंस एसोसिएशन और महाराष्ट्र यूनाइटेड नेशंस एसोसिएशन के सभी लोग शामिल हैं.

भारतीय संयुक्त राष्ट्र संस्था संघ
**Indian Federation of United Nations Associations (IFUNA)**
*(Special Consultative Status with the ECOSOC of the United Nations)*
*(Affiliated to The World Federation of United Nations Associations, Geneva)*

*Secretary General*
**Suresh Srivastava**
Former Vice Chairman
World Federation of
United Nations Associations, Geneva

विशेषकर मैं अहमद अशरफ शेख, जो कि महाराष्ट्र यूनाइटेड नेशंस एसोसिएशन के सेक्रेटरी जनरल है उन्हें मैं बधाई देना चाहता हूं... कि उन्होंने बहुत ही अच्छा कार्य किया कि, इसके साथ जुड़कर इस अभियान को सफल बनाने के लिए इंडियन फेडरेशन ऑफ यूनाइटेड नेशंस एसोसिएशन और महाराष्ट्र यूनाइटेड नेशंस एसोसिएशन को साथ में जोड़ा.

हम सभी चाहते हैं कि आप सभी इस कैंसर मुक्त अभियान में शामिल हो और अपने मित्रों को भी शामिल करें और यह देखें कि कहीं कोई ऐसी बात तो नहीं?. हम सब जानते हैं कि गुटका खाना, तंबाकू सेवन बहुत ही हानिकारक है, जो कि कैंसर का कारण बनता है इससे आप लोग बचे और इस कैंप में आकर अपना जांच कराएं ताकि सही समय पर संभावनाओं का पहले ही पता चल जाए। कैंसर की लड़ाई में सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि आप अगर सबसे पहले इसका आप निदान कर लेते हैं तो आप सफल हो जाते हैं अन्यथा देर होने पर सफल होने के संभावना बहुत कम हो जाते हैं।

डॉक्टर साहब का कैंसर हॉस्पिटल का सपना बहुत जल्दी पूरा हो, ईश्वर से प्रार्थना के साथ में एक बार फिर डॉक्टर अमजद खान पठान और उनके परिवार को धन्यवाद देता हूं और हार्दिक बधाई देता हूं कि उन्होंने इतना अच्छा कार्य प्रारंभ किया है जो कि मानवता की सेवा के लिए बहुत ही आवश्यक है और गांधी जी के सपनों को पूरी करता है गांधी जी के प्रार्थना को भी पूरी करता है उम्मीद है कि हम आप से जल्द मिलेंगे....शुभकामनाओं सहित आपका बहुत-बहुत धन्यवाद.

सेक्रेट्री जनरल



C-6, Qutub Institutional Area, New Delhi-110016
Phone : 91-11-2651 1257, 91-11-2685 2293, 91-11-4054 3115 Telefax: 91-11-2685 2291
E-mail : ifuna@ifuna.org, ifuna@mail.com
Website : www.ifuna.org